# रोती सती शिव से कहे | By Mukesh Bagda |

रोती सती शिव से कहे
स्वामी कणखल जाने दे
यज्ञ में हाज़िरी लग जाए
लाज हमारी बच जाए
लाज हमारी बच जाए
लाज हमारी बच जाए

शिव बोले सती बात सुनो
नहीं बुलाया ज़िद ना करो
बिना बुलाए जाओगी
आदर तनिक ना पाओगी
ना क्रोध हमारा बढ़ जाए
लाज तनिक ना बच पाए
लाज तनिक ना बच पाए

रोती सती शिव से बोले
शिव से कहे

सती के हाथ से हार गए
आख़िर सती की मान गए
शिव ने सती को अनुमति दी
राह सती ने यज्ञ की ली
पांव तनिक ना रुक पाए
लाज हमारी बच जाए
लाज हमारी बच जाए

चली सती शिव जी रोए
शिव रोए

सती अतिथि ना बन पाई
पहुंची रोई पछताई
दक्ष ने तनिक ना मान दिया
हवन कुंड में सौंप दिया
सुन शिव ने गया पहुँचाए
सती लाश कंधे लाए
सती लाश कंधे लाए

धरती अम्बर थर्राए
हाँ थर्राए

शिव ब्रह्मांड हिला डाला
विष्णु चक्र चला डाला
काटे अंग सती सारे
पूर्णब न बिगड़ी प्यारे
माँ पूर्णा तब कहलाए
माँ पूर्णागिरी कहलाए

तबसे माँ पूर्णापे है

नाम सदा से जग में है
भक्तों की आस पूरती है
भक्त द्वार पे हैं आए
भक्त द्वार पे हैं आए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%b9%e0%a5%87-by-mukesh-bagda/